Total number of printed pages–7

1 (Sem – 2/FYUGP) HIN 21 MJ

Anandaram Dhekial Phookan College Library
Acc. No.
Date
Assam

2026

HINDI

(Major)

Paper : HIN4200104 MJ

(Hindi Vyakaran)

Full Marks : 60

Time : 2½ hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

1. निम्नलिखित प्रश्नों के सठीक उत्तर दीजिए : 1×8=8

(क) संधि करके शब्द बनाइए :

पुस्तक + आलय, मत + अनुसार

(ख) समास साधित करके शब्द की रचना कीजिए :

भीम है काया जिसकी, तीन भुजाओं का समूह

(ग) 'काल' शब्द के *दो* अर्थ बताइए।

(घ) भाषा एवं लिपि के नाम पुल्लिंग या स्त्रीलिंग है?

(ङ) कर्म कारक के एकवचन और बहुवचन में 'नौकर' शब्द के रूप बनाइए।

(च) निम्नलिखित वाक्य को संयुक्त वाक्य के रूप में प्रस्तुत कीजिए :

वह फल खरीदने के लिए बाजार गया।

(छ) एकार्थक शब्द 'नारी' का प्रयोग करके एक वाक्य बनाइए।

(ज) शुद्ध करके अधोलिखित वाक्य को फिर से लिखिए :

उसके पास बहुत पैसा है।

Dhekial Phookan College Library * Anandoram * Nagaon : Assam * Acc. No. Date

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं छः*** के उत्तर अत्यंत संक्षेप में दीजिए : 2×6=12

(क) 'अति' और 'कु' उपसर्गों के व्यवहार से *दो-दो* शब्दों का उल्लेख कीजिए।

(ख) 'पा' और 'त्व' प्रत्यय-युक्त *दो-दो* शब्दों का उल्लेख कीजिए।

(ग) लिंग-परिवर्तन के जरिए निम्नलिखित शब्दों के नये रूप लिखिए :

सिंह, धोबी, जोगी, सेवक

(घ) निम्नलिखित वाक्यों का पदक्रम ठीक करके लिखिए :

(i) सुनकर तेरी बात है छाती मेरी फटती।

(ii) मजिस्ट्रेट ने तुम्हारा कहाँ पुछा घर है।

(ङ) दोनों वचनों में 'तुम' सर्वनाम की करण कारकीय रूप-रचना प्रस्तुत कीजिए।

(च) निम्नांकित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए :

उपकार, कनिष्ठ, अस्त, तामसिक

(छ) निम्नलिखित वाक्यों को सरल वाक्य में परिवर्तित कीजिए :

(i) जो लोग परिश्रम करते हैं, उन्हें अधिक समय तक निराश नहीं होना पड़ता।

(ii) सुबह पहली बस पकड़ों और शाम तक लौट आओ।

(ज) 'सूर्य' शब्द के *दो* पर्यायवाची शब्द बनाकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

(झ) संधि और समास में निहित *दो* प्रमुख अंतर बताइए।

(ञ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

(i) श्रीकृष्ण के अनेकों नाम हैं।

(ii) मैं आपका दर्शन करने आया हूँ।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं चार*** के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 5×4=20

(क) तत्पुरुष समास का स्वरूप स्पष्ट करते हुए *किन्हीं तीन* उदाहरणों के साथ यह बताइए कि उसके जरिए किस प्रकार शब्द बनाए जाते हैं।

(ख) निम्नलिखित स्वर संधियों को साधित करके नियमों का उल्लेख कीजिए :

परम + अणु, महा + उत्सव, यदि + अपि, तथा + एव, गण + ईश

(ग) निम्नलिखित अनेक शब्दों के समूहों के लिए *एक-एक* शब्द लिखिए :

जिसका आधार नहीं हो, जहाँ पहुँचा न जा सके, जिसका शत्रु न हो, आज्ञा का पालन करने वाला, जो आँखों के सामने हो, शिव का उपासक, दूसरों का उपकार करने वाला, सप्ताह में एक बार होने वाला, बहुत बोलने वाला, दूर की बात सोचने वाला।

(घ) हिन्दी वाक्य-रचना में अन्वय की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

(ङ) निम्नांकित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए :

अवनति, कुटिल, हर्ष, सार्थक, यश, आलोक, सुलभ, जाग्रत, नर, सरस

(च) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

(i) हमारे शिक्षक प्रश्न पूछते हैं।

(ii) शोक है कि आपने मेरे पत्रों का कोई उत्तर नहीं दिया।

(iii) साहित्य और जीवन का घोर संबंध है।

(iv) मैं गाने की कसरत कर रहा हूँ।

(v) बाघ और बकरी एक घाट पानी पीती है।

Tinsukia Phookan College Library * Acc. No. * Nayaan : Assam *

(छ) निम्नलिखित एकार्थक शब्दों का प्रयोग करके *एक-एक* वाक्य बनाइए :

तरूणी, अनुराग, उत्तम, सम्राट, निपुण

(ज) निम्नलिखित शब्दों के *दो-दो* पर्यायवाची शब्दों का उल्लेख कीजिए :

अरण्य, पृथ्वी, उन्नति, कमल, पवन

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं दो*** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) प्रत्यय किसे कहते हैं? इसके कितने प्रकार है? 'पन', 'आई', 'पा', 'वान', 'आ', और 'इक' प्रत्ययों का प्रयोग करके *दो-दो* शब्द बनाइए। 2+2+6=10

(ख) लिंग किसे कहते है? हिन्दी में लिंग के कितने भेद है? लिंग परिवर्तन के नियमों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए। 2+2+6=10

(ग) वाक्य की परिभाषा देते हुए, हिन्दी में प्रचलित वाक्य परिवर्तन के नियमों का विस्तृत विवेचन कीजिए। 2+8=10

(घ) क्रिया की परिभाषा देते हुए, हिन्दी रूप-रचना में क्रिया की भूमिका को रेखांकित कीजिए। 2+8=10

(ङ) अनेकार्थक शब्द का आशय क्या है? 'अंबर', 'कनक', 'हार' और 'रस' शब्दों के *दो-दो* अनेकार्थक शब्द बताकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए। 2+8=10

Anandaram Dhekial Phookan College Library * Acc. No. Date * Nagaon : Assam